परिणाम | 10वीं में चौथा और 12वीं में छठा स्थान, 7 छात्र मेरिट सूची में शामिल

# भूमिका ने 93% अंकों के साथ घुघरी ब्लॉक में मारी बाजी



## परीक्षा परिणामों में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों का दबदबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा बुधवार को घोषित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणामों में जिले ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस वर्ष जिले ने 10वीं की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में चौथा स्थान और 12वीं में छठा स्थान प्राप्त किया है। इस वर्ष के परिणाम बताते हैं कि जिले में नियमित छात्रों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है। 10वीं कक्षा में नियमित विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.85 दर्ज किया गया, जबकि स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्रों का परिणाम 55.03 प्रतिशत रहा। वहीं 12वीं कक्षा में नियमित छात्रों ने 89.41 प्रतिशत की सफलता दर हासिल की और स्वाध्यायी छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 47.56 रहा।

**घुघरी, नवभारत।** प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है संदीपनी विद्यालय घुघरी की छात्रा भूमिका मरकाम ने।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं (कला संकाय) के परीक्षा परिणामों में भूमिका ने 93% अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे घुघरी ब्लॉक का नाम रोशन किया है।

### स्वास्थ्य की चुनौतियों को दी मात

भूमिका मरकाम की यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने खराब स्वास्थ्य के बावजूद अपनी लगन और मेहनत में कमी नहीं आने दी। ग्राम नाहरवेली की रहने वाली भूमिका के पिता धर्मेंद्र मरकाम और माता आराधना मरकाम अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गदगद हैं।

### गुरुजनों का रहा विशेष मार्गदर्शन

भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और संदीपनी विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय के प्राचार्य एम.के. चौधरी का विशेष सहयोग और प्रोत्साहन छात्रा के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एम.के. चौधरी सहित वरिष्ठ शिक्षक कमलेश द्विवेदी, एसपी साहू, दयाराम झरिया, आरसी भारतीया एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए भूमिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 10वीं की मेरिट सूची में जिले के 6 छात्र

प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जिले के छह विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाकर जिले का मान बढ़ाया है। इनमें घुघरी विकासखंड के मॉडल स्कूल के छात्र उमेश पड़वार, सेंट एलॉयसेस स्कूल की अदिति विभा उसराठे और लिटिल फ्लॉवर स्कूल की कृतिका तिवारी, शासकीय कन्या शाला महाराजपुर की छात्रा पूजा धुर्वे , नैनपुर के सेंट एलॉयसेस स्कूल के नमन जंघेला और निवास के एंजल पब्लिक स्कूल के संभव जैन मेरिट सूची में स्थान बनाया

### 12वीं में कृति साहू ने लहराया परचम

हायर सेकेंडरी परीक्षा की मेरिट सूची में सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कृति साहू ने गणित संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट सूची में दसवां स्थान हासिल किया।

### आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए बनाएंगे विशेष कार्ययोजना

जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े ने सफल विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि जिले का प्रदर्शन संतोषजनक है, हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में रैंकिंग में आंशिक गिरावट आई है। इस गिरावट के कारणों की समीक्षा की जाएगी और आगामी शैक्षणिक सत्र में शिक्षकों के साथ मिलकर विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी।

### बिछिया की स्वाति ने किया टॉप

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 सरदार भगत सिंह वार्ड की निवासी स्वाति ने कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। शासकीय सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल, बिछिया की छात्रा स्वाति ने अपनी अनवरत मेहनत से सफलता का यह शिखर छुआ है।

### बिना कोचिंग के हासिल किया मुकाम

स्वाति की सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने किसी भी विषय के लिए कोई प्राइवेट कोचिंग नहीं ली। उन्होंने केवल अपनी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की है। उनके पिता राजेश श्रीवास बिछिया में ही एक कटिंग सैलून चलाते हैं और माता श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास गृहिणी हैं।

### बिछिया की कृतिका तिवारी ने हासिल किया सातवां स्थान

लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल की छात्रा कृतिका ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान हासिल किया है। कृतिका शेखर तिवारी एवं गरिमा तिवारी की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी इस गौरवमयी उपलब्धि का श्रेय अपनी निरंतर मेहनत, विद्यालय के शिक्षकों और कोचिंग क्लासेस के मार्गदर्शन को दिया है।

### निवास के संभव जैन रहे 10वें स्थान पर

सेंट एंजिल पब्लिक स्कूल रसलगंज, निवास के छात्र संभव ने कड़ी मेहनत के दम पर प्रदेश की सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। संभव जैन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवास के शिक्षक मुकेश जैन के पुत्र हैं। उनकी इस गौरवमयी उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और परिजनों में खुशी की लहर है। संभव ने अपनी इस बड़ी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और स्कूल स्टाफ की निरंतर मेहनत को दिया है।

### अमन गोस्वामी ने स्कूल में किया टॉप

स्थानीय लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र अमन गोस्वामी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है।

अमन नर्मदा भोजनालय के संचालक नर्मदापुरी गोस्वामी के पुत्र हैं। उनकी इस स्वर्णिम उपलब्धि पर शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं नगरवासियों ने इसे गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए अमन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अथर्व नामदेव ने लहराया परचम

नगर के वार्ड नंबर 7 निवासी अथर्व कृष्णा नामदेव ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। रेखा नामदेव एवं सुषमा नामदेव के सुपुत्र तथा शकुंतला नामदेव के पौत्र अथर्व की इस उपलब्धि से परिवार और समाज में खुशी की लहर है। अथर्व की इस शैक्षणिक सफलता पर मॉडल स्कूल बिछिया के प्राचार्य ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ससुराल से लौट रहे दंपति के साथ काल का क्रूर मजाक

## हाईवे पर भीषण दुर्घटना में पति ने तोड़ा दम, पत्नी की हालत नाजुक



**मंडला।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर हाईवे स्थित बबैहा पुल पर शनिवार देर शाम एक ऐसी हृदय विदारक सड़क दुर्घटना हुई, जिसने देखने वालों की रूह कँपा दी। एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे दंपति को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि पति का पैर कटकर पुल की रेलिंग पर ही लटक गया और वह स्वयं 60 फीट नीचे नदी के उथले पानी में जा गिरा। वहीं, पत्नी के दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए।

जानकारी अनुसार जुझारी निवासी रामचरण मरकाम अपनी पत्नी धनिया बाई के साथ अपनी ससुराल मंगलगंज भावल गया हुआ था। दंपति वहां गेहूँ की कटाई का काम निपटाकर देर शाम पैदल ही अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे फूलसागर के पास बबैहा पुल पार कर रहे थे, तभी मंडला से जबलपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

### इलाज के दौरान पति ने तोड़ा दम

ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस और डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिसकर्मियों ने पुल के नीचे उतरकर लहूलुहान हालत में रामचरण को रेस्क्यू किया। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रामचरण ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में धनिया बाई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### अज्ञात वाहन की तलाश जारी

इस घटना ने एक बार फिर बबैहा पुल पर सुरक्षा इंतजामों और हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कहर पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार अज्ञात वाहन का पता लगा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बबलू पंडा हत्याकांड में 7 को उम्रकैद, 3 दोषमुक्त

## अपर सत्र न्यायालय निवास ने सुनाया फैसला



**बीजाडांडी।** अपर सत्र न्यायालय निवास ने बहुचर्चित दिलीप सिंह भदौरिया उर्फ बबलू पंडा हत्याकांड में अपना फैसला सुनाते हुए 7 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विद्वान न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिन्हा ने साक्ष्यों और अभियोजन के तर्कों के आधार पर 15 अप्रैल को यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया।

जानकारी अनुसार घटना विगत वर्ष 12 अगस्त 2021 की है, जब बीजाडांडी थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर स्थित दशमेश ढाबे पर बबलू पंडा अपने साथियों के साथ बैठे थे। रात लगभग 9.30 बजे आरोपियों ने ढाबे के पिछले दरवाजे से प्रवेश कर पुरानी रंजिश और पैसों के लेनदेन को लेकर बबलू पंडा पर कट्टे और बंदूक से अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**इन आरोपियों को मिली सजा**–न्यायालय ने आकाश सोनकर, रोहित सोनकर, अमित श्रीवास्तव, हनी उर्फ हिमांशु सोनकर, विशाल चक्रवर्ती, सौरभ सोनकर और सुखदेव उर्फ बाबा सोनकर को दोषी पाया। दोषियों को धारा 302 और 149 के तहत आजीवन कारावास के साथ अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। मामले के 3 अन्य आरोपी नीरज सोनकर, कैलाश उर्फ दस्सू यादव और सुमित उर्फ सिद्धार्थ यादव को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस प्रकरण को सनसनीखेज श्रेणी में रखा गया था। शासन की ओर से अभियोजन का सफल संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी उज्ज्वला उईके द्वारा किया गया। तत्कालीन थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन और उप निरीक्षक पंकज विश्वकर्मा की विवेचना इस मामले को अंजाम तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण रही।

# सबवे ब्रांड के नाम पर उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी

## मप्र छात्र संगठन ने लगाए गंभीर आरोप



**नवभारत,जबलपुर।** नेपियर टाउन, जबलपुर अस्पताल के समीप संचालित एक खाद्य प्रतिष्ठान पर सबवे ब्रांड के नाम का दुरुपयोग कर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। म.प्र. छात्र संगठन के अनुसार उक्त प्रतिष्ठान स्वयं को सबवे की अधिकृत फ्रेंचाइजी के रूप में प्रस्तुत कर रहा था, जबकि वह वैध फ्रेंचाइजी नहीं है।

आरोप है कि प्रतिष्ठान द्वारा 'सतनाम फूड्स' के नाम से बिल जारी किए जा रहे हैं, जबकि ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो पर इसे 'सब्स' नाम से सूचीबद्ध किया गया है। साथ ही परिसर में सबवे के न्यूट्रिशन चार्ट एवं ब्रांडेड सामग्री प्रदर्शित कर ग्राहकों को भ्रमित किया जा रहा था।

यह मामला तब सामने आया जब फूटाताल निवासी आकाश खरे ने खाद्य सामग्री खरीदते समय संदेह जताया और इसकी जानकारी म.प्र. छात्र संगठन के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय को दी। इसके बाद संगठन ने मामले की जांच कर पुलिस थाना ओमती में ज्ञापन सौंपते हुए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। म.प्र. छात्र संगठन ने इस कथित फर्जीवाड़े का खुलासा कर उपभोक्ताओं को सतर्क किया है।

## निगमायुक्त ने रानीताल मुक्तिधाम में इंतजाम दुरूस्त करने दिए निर्देश

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मंगलवार को स्वच्छता के तहत रानीताल स्थित सर्वोदय नगर बस्ती में श्रमदान किया। इसके बाद निगमायुक्त सीधे रानीताल मुक्तिधाम पहुँचे, जहाँ उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में नियमित स्वच्छता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले परिजनों की सुविधा के लिए पानी और बैठने के इंतजामों को और बेहतर करने की बात कही। साथ ही प्रकाश व्यवस्था के लिए शाम के समय पर्याप्त लाइटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को दिए।

# आरपीएफ ने शोभापुर में चलाया जागरुकता अभियान



**जबलपुर, नवभारत।** मंगलवार को विशेष अभियान के तहत आरपीएफ निरीक्षक जबलपुर राजीव खरब, उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, सुखराम बेन एवं आर. संदीप कठेरिया द्वारा शोभापुर ब्रिज के आस-पास सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान शोभापुर ब्रिज के आस-पास कुछ लडके संदिग्ध अवस्था में मिले। पूछताछ के दौरान उनके द्वारा ट्रेक पर आकर सेल्फी व रील बनाने हेतु बताया गया। जिसके बाद आरपीएफ द्वारा उन्हें पोस्ट पर लाया गया और उनके माता-पिता को सूचना देकर रेल सुरक्षा बल पोस्ट बुलवाया गया।

लडकों की पहचान इरफान खान पुत्र रईस खान उम्र 17 साल निवासी चार खंभा बूढी खेरमाई कुम्हार बिल्डिंग के पास थाना हनुमानताल और फैजान अंसारी पुत्र मौ. आशिफ अंसारी उम्र 17 साल निवासी अमखेरा तलबा के पास गोहलपुर रोड रजा नगर थाना आधारताल और अल्फेज अंसारी पुत्र अफसर अंसारी उम्र 14 साल निवासी म.न. 690 मोतीनाला अस्पताल के पास नसीम चाट के पास थाना आधारताल के रूप में हुई है।

# बैल्ट समझ कर पकड़ लिया सात फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** पनागर थानांतर्गत ग्राम पुरैना में कपड़े जमाते समय एक महिला ने बैल्ट समझकर पकड़ लिया। जब उन्होंने सांप देखा तो उनके होश उड़ गए ।सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ ने रेस्क्यू करते हुए सांप को पकड़ा और जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार पुरैना निवासी संतोष उइके के घर में दोपहर तीन बजे उनकी पत्नी जानकी उइके कपड़े जमा रहीं थीं कि अचानक कपड़ों में छिपा सात फीट सांप को बैल्ट समझ कर पकड़ लिया। सांप देखकर वे चीख पड़ी और सांप छोड़कर बाहर भागी। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने आधे घंटे में रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का है जो कि जहरीला नहीं होता है।

# साहब . . .पुलिस ने नहीं लिखी लूट की रिपोर्ट

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत शिव नगर निवासी कार सवार युवक को बाइक सवार बदमाशों ने रोका और उसके साथ मारपीट कर गले से सोने की चैन छीन ली। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई लेकिन पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया और एफआईआर में लूटी गई चैन को गिरना बता दिया। मंगलवार को पीड़ित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और गुहार लगाई कि मामले में लूट की धाराएं लगाई जाएं पुलिस ने लूट का मामला दर्ज नहीं किया है।

पीड़ित शुभम अग्रवाल, पिता गिरीधर दास अग्रवाल, निवासी शिवनगर, दमोह नाका ने बताया कि 11 अप्रैल की शाम लगभग 9:30 बजे वे त्रिमूर्ति नगर से पत्नी एवं 20 दिन की नवजात बच्ची के साथ अपने घर लौट रहा था। जब चंडालभाटा मोड़ के पास पहुँचा, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20



जेड एफ 3487 पर सवार होकर अचानक उसकी कार के सामने आकर कट मारकर रुक गए और विवाद करने लगे । साथ में छोटी बच्ची होने के कारण विवाद से बचने का प्रयास किया, परंतु लगभग 20 मीटर आगे जाकर उन्होंने पुन: उसकी गाड़ी रोक ली। स्थिति को देखते हुए मैंने निकलने की कोशिश की, इसी दौरान मेरी कार उनकी मोटरसाइकिल से हल्की टकरा गई। तभी तीनों में से एक व्यक्ति ने मेरी कॉलर पकड़ ली एवं सोने की चेन छीन ली। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर साथ मारपीट की। सिर पर पत्थर से 4-5 बार वार किया, जिससे चोटें आ गई।

### जबरन हस्ताक्षर करने बनाया दबाव

पीड़ित ने बताया कि वारदात के बाद कोतवाली थाने पहुंचा जहां से उसे अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार एवं मेडिकल परीक्षण कराया गया। उसी रात उससे आवेदन लिया गया किन्तु प्रकरण दर्ज नहीं की गई अगले दिन शाम को उसे थाना बुलाया गया, जहाँ आरोपी पहले से मौजूद थे, जिनमें वह व्यक्ति भी शामिल था जिसने उसकी चेन छीनी थी। किन्तु पुलिस द्वारा रिपोर्ट में चेन लूट की घटना दर्ज नहीं की गई। जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया गया कि अगर यदि हस्ताक्षर नहीं किए तो उसके खिलाफ भी मामला दर्ज कर दिया जाएगा । पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हुए कार्रवाई और लूट की धारा लगाने की मांग की है।

आयोजन | फायर डे पर नगर निगम का आयोजन

# दूसरों का जीवन बचाकर वंदनीय कार्य करते हैं फायर ब्रिगेड कर्मी : निगमायुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा अग्नि शमन दिवस पर फायर डे का आयोजन नगर निगम चौक स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय परिसर में किया गया जहां अग्नि सैन्य दल के कर्मचारियों ने अग्निहादसों के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति से लेकर अन्य कार्यों को लेकर जानकारी दी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की उपस्थिति में आयोजित अग्नि शमन दिवस के कार्यक्रम में दिवगंत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया। इस मौके पर निगमायुक्त रामप्रकश अहिरवार ने अग्नि हादसों को नियंत्रित करने फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के प्रयासों और उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि अग्नि शमन दल के कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की जान माल की रक्षा करते हैं उनका यह कार्य बेहद सराहनीय है। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वी एन बाजपेई,फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक फायर अधीक्षक राजेन्द्र पटेल एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।




### आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन

अग्नि सैन्य दिवस के आयोजन के संबंध में फायर ब्रिगेड अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर ने बताया कि मंगलवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में फायर ब्रिगेड द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले उपकरणों को भी प्रदर्शित किया गया और उपस्थित जनों को उनकी उपयोगिता की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन एवं सभी वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से फायर कर्मी लगातार शहरहित में कार्य कर रहे हैं और अग्नि हादसों की सूचना मिलते ही उस पर काबू पाने के प्रयास प्रारंभ कर देते हैं।

# चैकिंग के दौरान पकड़ा गया शातिर चोर

**जबलपुर, नवभारत।** मंगलवार को जीआरपी के उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी, पुलिस उप अधीक्षक अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन मे अपराधियों की धरपकड एवं अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया इसी तारतम्य मे रेलवे स्टेशन जबलपुर मे चैकिंग के दौरान स्टेशन के प्लेटफॉर्म न. 6 पर आरोपी नाथूराम बर्मन पिता बाबूलाल बर्मन उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम शीतलपुर थाना शहपुरा, जबलपुर को संदिग्ध हालत मे स्टेशन में पकडा गया जिसके कब्जे से 06 नग मँहगे मोबाईल विभिन्न कंपनियों के कुल कीमत 1,11,000 रुपये के जप्त किये गये। मोबाइलो के संबंध में आरोपी से पूछताछ की गई जिसने चोरी के मोबाइल बेंचने के लिये अपने पास रखे होना बताया वही आरोपी के पास कोई बिल दस्तावेज नहीं पाया गया है। आरोपी नाथूराम बर्मन एक निगरानी बदमाश है जिसके विरूद्ध थाने मे अपराध क़ायम कर लिया गया है ।कार्यवाही मे जीआरपी थाना जबलपुर से एसएचओ संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक सतेंद्र सिंह, अरूण तिवारी, मनोज मिश्रा, आरक्षक रविकांत रजक, परशुराम यादव, ओमप्रकाश बघेल, उमेश चौरे, गोपाल सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा।